राष्ट्रीय सेवा योजना

वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,जौनपुर

पत्रांकः 78/पू0वि0वि0/रा0से0यो0/2022–23 दिनांकः 07.09.2022

सेवा में,

प्राचार्य/कार्यक्रम अधिकारी (रा0से0यो0)
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,
जौनपुर।

विषयः पोषण माह दिनांक–01.09.2022 से 30.09.2022 तक आयोजित करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय (युवा कार्यक्रम विभाग) राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय केन्द्रीय भवन, आठवॉ तल, हाल नं0–1, सेक्टर–एच, अलीगंज, लखनऊ के ई–मेल पत्र संख्या–15–1/रा0से0यो0/क्षे0नि0/लख0/2022–23 एवं भारत सरकार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना निदेशालय शिवाजी स्टेडियम, नई दिल्ली का पत्र संख्या–आ0शा0पी024–1/रासेयो/निदेशा/2022/809–824 भारत सरकार के ई–मेल पत्र दिनांक–30–31 अगस्त, 2022 तथा शासन के ई–मेल पत्र संख्या–265/सत्तर–रा0से0यो0को0–2022 दिनांक–01.09.2022 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके माध्यम से पोषण माह सितम्बर, 2022 दिनांक–01.09.2022 से 30.09.2022 तक आयोजित किया जायेगा। भारत सरकार, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, नई दिल्ली के पत्र दिनांक–20.08.2022 के निर्देशानुसर राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाईयों के माध्यम से आयोजित किया जाना सुनिश्चित करें।

उक्त के सम्बन्ध में मुझे यह अवगत कराना है कि कार्यक्रम अधिकारी एन0एस0एस0 से सम्बन्धित समस्त महाविद्यालयों को अपने अधिकार क्षेत्र में दिनांक–01 से 30 सितम्बर, 2022 तक "पोषण माह" कार्यक्रम सफल बनाने हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक–स्वयेसेविकाओं के माध्यम से महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, नई दिल्ली के गाइड–लाइन के अनुसार कार्यक्रम को आयोजित कराना सुनिश्चित करें। कार्यक्रम के उपरान्त रिपोर्ट एवं फोटो, फेसबुक, ट्विटर तथा वाट्सऐप पर अपलोड करते हुए कृत कार्यवाही की विस्तृत आख्या सम्बन्धित वीडियो क्लिपिंग, एवं पेपर कटिंग सहित सूचना दिनांक–30 सितम्बर, 2022 सायं 04:00 बजे तक प्रेषित किया जाना आवश्यक है। कार्यक्रम आयोजित न होने की दशा में शून्य रिपोर्ट भेजे ताकि मंत्रालय को प्रेषित किया जा सके। इसकी सूचना भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय लखनऊ के ई–मेल nssrclucknow@yahoo.com पर एवं शासन के ई–मेल sloup.nss@gmail.com पर तथा कार्यक्रम समन्वयक वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर के ई–मेल nssvbspu.jnp@gmail.com पर भी प्रेषित करें।

संलग्नक–यथोक्त

भवदीय

डॉ0(राकेश कुमार यादव)
कार्यक्रम समन्वयक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव मा0 कुलपति, मा0 कुलपति महोदया के सूचनार्थ।
2. विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी, उच्च शिक्षा (रा0से0यो0को0) विभाग, बहुखण्डी भवन, उ0प्र0शासन, लखनऊ।
3. क्षेत्रीय निदेशक, भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, रा0से0यो0 क्षेत्रीय निदेशालय, केन्द्रीय भवन, आठवां तल, हाल नं0–1, सेक्टर–एच, अलीगंज, लखनऊ।
4. वरिष्ठ आशुलिपिक कुलसचिव, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
5. वरिष्ठ आशुलिपिक वित्त अधिकारी, वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ।
6. वेव मास्टर को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्त् सूचना विश्वविद्यालय की वेवसाइट एन0एस0एस0 पोर्टल पर अपलोड करने का कष्ट करें।

डॉ0(राकेश कुमार यादव)
कार्यक्रम समन्वयक